Std-VII. क्रिया (हिंदी व्याकरण)

कर्म के आधार पर क्रिया के भेद:-

I).सकर्मक क्रिया :-जिस वाक्य में कर्म हो, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।(वाक्य में क्रिया से पहले क्या या किसको लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर मिले,तो वह सकर्मक क्रिया होगी) जैसे-बालक पुस्तक पढ़ रहा है।

II)अकर्मक क्रिया:-जिस वाक्य में कर्म न हो, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।(वाक्य में क्रिया से पहले क्या या किसको लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर न मिले तो वह अकर्मक क्रिया होगी) जैसे- बालक पढ़ रहा है।

III)द्विकर्मक क्रिया:-जिस वाक्य में दो कर्म हो, उसे द्विकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे-नेहा ने राजू को कलम दी।(इस वाक्य में दो कर्म हैं--राजू को और कलम।)

Qn 1. कर्म के अनुसार क्रिया भेद लिखें:-

I).सुजाता ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी।--अकर्मक क्रिया

II)हम सबने एक नई फ़िल्म देखी।--सकर्मक क्रिया

III)दादाजी प्रतिदिन पौधों को पानी देते हैं।--द्विकर्मक क्रिया

IV)सभी बच्चे खुशी से नाचने लगे ।---अकर्मक क्रिया

V) कवि रामधारी सिंह दिनकर ने अनेक कविताएँ लिखीं।--सकर्मक क्रिया

VI)पिताजी अपनी कहानी सुनाने लगे।--सकर्मक क्रिया

VII)सूर्य धरती को प्रकाश देता है।--द्विकर्मक क्रिया

VIII)मनीष कल चला गया।--अकर्मक क्रिया

IX)राखी माँ को गीत सुना रही है।---द्विकर्मक क्रिया

Qn 2. प्रयोग के आधार पर क्रिया के भेदों को लिखें।

उत्तर:- प्रयोग के आधार पर क्रिया के पाँच भेद होते हैं:-

I)सामान्य क्रिया

II) संयुक्त क्रिया

III)पूर्वकालिक क्रिया

Iv)प्रेरणार्थक क्रिया

V)नामधातु क्रिया

I)सामान्य क्रिया:- जिस वाक्य में एक क्रिया हो, उसे सामान्य क्रिया कहते हैं। जैसे-वह घर गया। मैंने किताब पढ़ी।(गया,पढ़ी-सामान्य क्रिया है।)

II) संयुक्त क्रिया:- जिस वाक्य में एक से ज़्यादा क्रिया हो, उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं। जैसे-मैं किताब पढ़ रहा हूँ।तुम घर चले आना।(पढ़ रहा हूँ,चले आना- संयुक्त क्रिया है।)

III)पूर्वकालिक क्रिया :- मुख्य क्रिया से पहले होने वाली क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं । जैसे- वह नहाकर घर गया। तुम दौड़कर घर जाना।(नहाकर,दौड़कर -- पूर्वकालिक क्रिया हैं।)

IV)प्रेरणार्थक क्रिया:-जिस वाक्य में कर्ता स्वयं काम न कर दूसरे से कराए, उसे प्रेरणा र्थक क्रिया कहते हैं। जैसे- शिक्षक बच्चों से पाठ पढ़वाते हैं। माँ बेटी से रोटी बनवाती हैं।(पढ़वाते ,बनवाती -- प्रेरणार्थक क्रिया हैं।)

V)नामधातु क्रिया:-संज्ञा, सर्वनाम या विशेषण से बनने वाली क्रिया को नामधातु क्रिया कहते हैं। जैसे-कोई दरवाज़ा खटखटाने लगा।रात में तारों का तिमटिमाना अच्छा लगता है।(खटखटाना,टिमटिमाने -- नामधातु क्रिया हैं।)

Qn 3. क्रिया शब्द चुनकर प्रयोग के आधार पर क्रिया भेद लिखें।

I)यात्री गया। - सामान्य क्रिया

II)जब काम पूरा नहीं हुआ,तो राकेश बड़बड़ाने लगा।:-बड़ बड़ाने--नामधातु क्रिया

III)ज़मींदार किसान से खेती करवाता है।:-करवाता -- प्रेरणार्थक क्रिया

IV)यात्रियों ने अगले स्टेशन पर खाना खाया।:-खाया-सामान्य क्रिया

V)सड़कों पर गुलाब जल का छिड़काव हो रहा था।:-छिड़काव हो रहा था--संयुक्त क्रिया

VI)सभा में अनेक विद्वान आए।:-आए--सामान्य क्रिया

VII)मीनल नहाकर पढ़ने बैठ गई।:- नहाकर --पूर्वकालिक क्रिया

Viii)मालिन माला बनाकर बाज़ार में बेचने गई ।:--बनाकर--पूर्वकालिक क्रिया

Ix)राखी गीत सुना रही है।:--सुना रही है-संयुक्त क्रिया

X)मुझे उसका थपथपाना अच्छा नहीं लगा।:--थपथपाना--नामधातु क्रिया

XI)थानेदार सिपाही से चोर

पकड़वाता है।:-पकड़वाता :-

प्रेरणार्थक क्रिया

Xii)उसे मोहन आता दिखाई दिया।:--आता दिखाई दिया--संयुक्त क्रिया

Xiii)तुम घर जाओ।:-जाओ--सामान्य क्रिया

XIV)वह क्लर्क से पत्र टाइप करवाता है। :--करवाता--प्रेरणार्थक क्रिया

XV)परीक्षा के समय पाठ को दोहराना शुरु कर दो।:-दोहराना --नामधातु क्रिया